ई–मेल
अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव,
प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से पूर्व से सम्बद्ध समस्त,
निजी क्षेत्र की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2024 / 162 **लखनऊःदिनांकः** 10-12-2024

विषयः सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने हेतु यू0–राईज पोर्टल पर आवेदन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र सं0ः प्राशिप / परिषद / 2024 / 8594, दिनांकः 02.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु पूर्व से सम्बद्ध डिप्लोमा इन फार्मेसी संचालित निजी क्षेत्र की संस्थाओं को पी0सी0आई0 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन विस्तार के अनुक्रम में सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने हेतु यू–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

वर्तमान में ऐसे संस्थान जिन्हें पी0सी0आई0 द्वारा सत्र 2024–25 हेतु अनुमोदन विस्तार प्रदान कर दिया गया है, को परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

सूच्य है कि Miscellaneous Application No. 2296/2024 in C.A. No. 9048/2012 dated 18-11-2024 में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा निम्नवत् आदेश पारित किये गयेः–

1- The date for completion of approval process is extended upto 25.11.2024 to the applicant/Pharmacy Council for India for the academic year 2024-2025 and the period for deciding the appeal/compliance is extended upto 10-12-2024

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित उपरोक्त आदेश में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया को निर्देशित करते हुए सत्र 2024–25 हेतु फार्मेसी संस्थाओं की अनुमोदन प्रक्रिया को बढ़ाते हुए दिनांक 25–11–2024 एवं संस्थाओं की appeal/compliance पर निर्णय लिये जाने हेतु दिनांक 10–12–2024 तक का समय निर्धारित किया गया।

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित उक्त आदेश के समादर में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया को संस्थाओं की appeal/compliance पर दिनांक 10–12–2024 तक निर्णय लिये जाने के उपरांत **एक दिवस का अतिरिक्त समय देते हुए निर्देशित किया जाता है कि जिन डी0फार्म0 संस्थानों को पी0सी0आई0 द्वारा दिनांक 10–12–2024 को अनुमोदन विस्तार प्रदान किया गया है वे संस्थान दिनांक 11–12–2024 के मध्यरात्रि 12.00 बजे तक सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। दिनांक 11–12–2024 की रात्रि 12.00 बजे यू0राईज पोर्टल बंद हो जाएगा। यू–राईज पर ऑनलाइन आवेदन करते समय सत्र 2024–25 हेतु पी0सी0आई0 द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।**

उक्त तिथि दिनांक 11–12–2024 के पश्चात् सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने संबंधी कोई भी आवेदन परिषद द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2024/163-65 **तद्दिनांक–** 10-12-2024
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव